भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **2840**

दिनांक 5 अगस्त, 2021/ 14 श्रावण, 1943 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बाल्मीकि नगर में एयरपोर्ट

2840. श्री सुनील कुमार:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में नए एयरपोर्टों के विकास की प्रक्रिया जोरों पर है;

(ख) क्या बाल्मीकि नगर के अल्पविकसित एयरपोर्ट को पूर्ण विकसित एयरपोर्ट बनाने के लिए कोई योजना है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का बाल्मीकि नगर को वायुमार्ग से देश के अन्य भागों से जोड़ने के लिए कोई कदम उठाने का प्रस्ताव है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डा.), विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ग): हवाई यात्रा को आम जनता के लिए किफायती बनाने के लिए तथा क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के लिए, नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय संपर्क योजना - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) दिनांक 21-10-2016 को प्रारंभ की है। उड़ान एक बाजार चालित योजना है। इच्छुक एयरलाइनें मार्ग विशेष पर मांग के आकलन के आधार पर उड़ान योजना के अंतर्गत समय-समय पर आयोजित बोली प्रक्रिया में अपने प्रस्ताव जमा करती हैं। बाल्मीकि नगर हवाईपट्टी, बिहार उड़ान योजना दस्तावेज के अंतर्गत असेवित हवाईअड्डों की सूची में सूचीबद्ध है, जो एयरलाइनों द्वारा बोली के लिए उपलब्ध है। तथापि, उड़ान योजना के अंतर्गत अभी तक चार चरणों की बोली प्रक्रिया में बाल्मीकि नगर से उड़ानों के प्रचालन के लिए कोई बोली/प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। यदि किसी हवाईअड्डे को उड़ान योजना में शामिल किया गया हो और इसे आरसीएस प्रचालनों को प्रारंभ करने हेतु स्तरोन्नयन/विकास की आवश्यकता हो, तो इसका विकास "असेवित एवं अल्पसेवित हवाईअड्डों का पुनरुत्थान" योजना के अंतर्गत किया जाता है।